भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2536
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जाना**

**2536. श्री के.आर. सुरेश रेड्डीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में अच्छी सड़कों/अवसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका है;

(ख) यदि हां, तो यह जानते हुए कि पर्यटन देश का सबसे उपेक्षित उद्योग है और इसके लिए शायद ही किसी पूंजी की आवश्यकता होती है, सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(**क) से (ग) : पर्यटन अनिवार्य रूप से एक बहु-क्षेत्रीय गतिविधि है जिसमें विभिन्न मंत्रालयों**,** विभागों और राज्य सरकारों के साथ संपर्क और समन्वय की आवश्यकता होती है । पर्यटकों को समृद्ध पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए अच्छी बुनियादी संरचना और सम्पर्कता की आवश्यकता है । पर्यटन मंत्रालय पर्यटन स्थलों/गंतव्यों/परिपथों पर बुनियादी संरचना का विकास कर रहा है । इसके अलावा, यह पर्यटन स्थलों को और अधिक सुलभ बनाने और उन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए सम्पर्कता में सुधार पर भी ध्यान दे रहा है ।

देश के विभिन्न भागों में स्थित पर्यटन स्थलों से संपर्क में सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

**1.** पर्यटन मंत्रालय ने पहले चरण में 50 प्रतिष्ठित स्थलों और यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों सहित पर्यटन स्थलों की सूची और बाद में सड़क संपर्कता में सुधार के लिए दूसरे चरण में 114 मार्गों की सूची सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, राज्य सरकार और सीमा सड़क संगठन के साथ साझा की थी ।

**2.** पर्यटन मंत्रालय की सिफारिश पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आरसीएस उड़ान-3 योजना के तहत चिन्हित एयरलाइनों को 46 पर्यटन मार्ग प्रदान किए गए हैं । इनमें से 29 मार्गों को अब तक चालू कर दिया गया है । पर्यटन मंत्रालय चैम्पियन सेवा क्षेत्र योजना के तहत व्यवहार्यता अंतर निधिकिरण की तर्ज पर चिन्हित 46 पर्यटन मार्गों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है । इस योजना के तहत, इसने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कुल 68.87 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की है, जिसमें से वित्तीय वर्ष 2020-21 में (लगभग) 43.70 करोड़ रुपए और चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अब तक 25.17 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं ।

**3.** पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत पर्यटन गंतव्यों/स्थलों के लिए अंतिम छोर तक सम्पर्कता प्रदान कर रहा है ।

**4.** पर्यटन मंत्रालय संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है और निम्नलिखित तंत्र के माध्यम से देश के भीतर पर्यटन स्थलों को बेहतर सम्पर्कता प्रदान करने के लिए परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है: -

- पर्यटन क्षेत्र के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय समिति (आईएमसीसीटीएस) पर्यटन के विकास और देश के भीतर पर्यटन स्थलों के लिए बेहतर समपर्कता से जुड़े अंतर-मंत्रालयी/विभागीय मुद्दों के समाधान हेतु गठन किया गया है ।

- सचिव (पर्यटन), भारत सरकार की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है । जो पर्यटन क्षेत्रीय योजना के लिए सचिवों के क्षेत्रीय समूहों (एसजीओएस) की सिफारिशों के अनुसार पर्यटन से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए है । टास्क फोर्स में नागरिक उड्डयन, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर), पर्यावरण और वन मंत्रालय और आईआरसीटीसी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

*****